समर्पण से उन्नत भारत गढ़ने में जुटे हैं आइआइएम के छात्र

आइआइएम रांची के विद्यार्थियों की टीम समर्पण के माध्यम से बच्चों और जरूरतमंदों के सहयोग में जुटी हुई है. बच्चों के बीच नियमित रूप से मोटिवेशन क्लास चलायी जा रही है. जीवन के लक्ष्य के प्रति मोटिवेट किया जा रहा है. साथ ही विद्यार्थियों की टीम ऐसे गांवों का चयन करती है, जहां के ग्रामीणों को राशन की जरूरत है. बच्चों और बुजुर्गों के लिए गर्म कपड़े और पाठ्यक्रम सामग्री की भी व्यवस्था करायी जाती है. इसके अलावा महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है. जहां पहले ग्रामीण महिलाएं साल के पत्ते से दोना और थाली बनाती थी, अब उन्हें मशीन उपलब्ध करा दी गयी है.

Prabhat Khabar_29.11.2022_Pg. 08